## वाहन चेकिंग के दौरान बाइक अनियंत्रित, दो घायल

### पुलिसकर्मी पर थप्पड़ मारने का आरोप, कार से टकराई बाइक,लोगों ने किया चक्काजाम

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले में रविवार शाम वाहन चेकिंग के दौरान एक बाइक अनियंत्रित होकर कार से टकरा गई। इस हादसे में बाइक चालक सहित दो लोग घायल हो गए। घटना गुना-अशोकनगर रोड स्थित शाढ़ौरा के माहोर पेट्रोल पंप के पास हुई। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि चैकिंग कर रहे एक पुलिसकर्मी ने बाइक चालक को रोकने के प्रयास में थप्पड़ मार दिया, जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई। इसके बाद बाइक सड़क पर गिरकर सामने से आ रही कार की चपेट में आ गई। हादसे के बाद



गुस्साए लोगों ने सड़क पर चक्का जाम कर दिया और हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। लोगों ने पुलिसकर्मी का नाम अमित शर्मा बताया। वहीं प्रदर्शन के दौरान कुछ वीडियो सामने आए जिसमें पुलिसकर्मी कह रहा है कि वह उसे काफी दूर से रोकने का प्रयत्न कर रहा था। वहीं घटना में घायलों को तत्काल शाढ़ौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया गया है कि घायल युवक हार्वेस्टर पर काम करने वाले थे और उनके पीछे ही हार्वेस्टर आ रहा था, जिसे घटना के बाद सड़क पर रखकर जाम लगाया गया था। जिसे समझाइस बाद खोला गया।

### बका के साथ युवक गिरफ्तार

**अशोकनगर।** ईसागढ़ थाना पुलिस ने एक युवक को धारदात हथियार बका के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार हरिकिशन पुत्र ओमकारलाल जाटव निवासी बजरिया मोहल्ला मोहल्ला वार्ड नंबर 15 में किसी अपराध की नियतसे धारदार हथियार बका लिये घूम रहा था, जिसे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। साथ उससे बका जप्त किया गया। वहीं पुलिस ने उस पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**हरिबाबू राय ने उठाया शिक्षकों का मुद्दा**

**पत्र में बताया परीक्षा शिक्षकों के लिए खतरा**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने मध्यप्रदेश में सेवारत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर निर्णय लेने का अनुरोध किया है। अपने पत्र में विधायक राय ने उल्लेख किया कि प्रदेश में



बड़ी संख्या में शिक्षक वर्तमान में अध्यापन कार्य में संलग्न हैं और उनके परिवारों का भरण-पोषण इसी रोजगार पर निर्भर है। ऐसे में टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता के कारण शिक्षकों के बीच भविष्य को लेकर असमंजस और चिंता की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कई शिक्षक ऐसे हैं जो विभिन्न कारणों से टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाते हैं, जिससे उनकी नौकरी पर संकट उत्पन्न हो सकता है और उनकी आजीविका प्रभावित हो सकती है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों एवं आमजन की भावना है कि सरकार इस परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करे, ताकि शिक्षक निश्चिंत होकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। विधायक श्री राय ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि शिक्षकों के हितों एवं उनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस विषय पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर आवश्यक निर्णय लिया जाए।

## एक नजर में

### ट्रेन के शौचालय में फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक

**अशोकनगर।** गुना-बीना रेलखण्ड के अशोकनगर स्टेशन पर उस समय सनसनी फैल गई जब बीना से गुना जा रहीं ट्रेन के शौचालय में एक युवक का शव फंदे पर लटका मिला। दरअसल ट्रेन के शौचालय का गेट काफी देर से नहीं खुल रहा था, जिसके चलते लोगों ने इसकी शिकायत की, तो पुलिस ने आकर उसे खोला तो उसमें एक युवक का शव ट्रेन की खिड़की पर शर्ट से बने फंदे पर लटका था। दरअसल रविवार को बीना से गुना जाने वाली के पास गार्ड के पास वाले डिब्बे का शौचालय काफी देर तक नहीं खुला, लोगों द्वारा बार-बार खटखटाया गया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया न मिलने के कारण यात्रियों द्वारा इसकी सूचना रेलवे पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रेन का दरवाजा तोड़ा तो शौचालय के अंदर 25 से 30 वर्षीय युवक फंदे पर लटका हुआ था। इसके बाद पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और उसकी जांच पड़ताल की, लेकिन उसके पास कोई पहचान पत्र नहीं मिली। फिलहाल पुलिस ने शव के पीएम के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं मृतक युवक की शिनाख्त के लिए पुलिस द्वारा जानकारी जुटाई जा रहीं है।

### टंकी में आग लगने से युवक झुलसा

**अशोकनगर।** डीजल टंकी में आग लगने एक से 25 वर्षीय युवक बुरी तरह से झुलस गया, जिसे उपचार के लिए परिजनों द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि युवक आगजनी का शिकार उस समय हुआ, जब थ्रेसिंग का कार्य कर रहा था, इसी बीच ट्रेक्टर में लगी टंकी में अचानक से लग गई, जिससे वह झुलस गया।

ट्रैक्टर चालक सुबेन्द्र पुत्र रूप सिंह यादव ने बताया कि वह सुबह गेहूं की थ्रेसिंग करवा रहा थ, इसी ट्रेक्टर में लगी डीजल टंकी आग लग गई, जिसकी चपेट में वह आ गया। वहीं आग लगने बाद वह तुरंत ट्रेक्टर से कूदा जिसके बाद मौजूद अन्य लोगों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया और उस पर काबू पा लिया। यह गनीमत रहीं कि लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए फसल को भी आग से झुलसने से बचाया गया, नहीं तो एक बड़ा हादसा हो सकता था।

### महावीर जयंती पर आज रहेगा अवकाश

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी साकेत मालवीय नजिले के लिए पूर्व में घोषित सार्वजनिक अवकाश में संशोधन किया है। कैलेंडर वर्ष 2026 हेतु घोषित अवकाशों की सूची में महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 31 मार्च 2026 (मंगलवार) को घोषित अवकाश के स्थान पर अब संपूर्ण जिले में 30 मार्च 2026 (सोमवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। साथ ही 31 मार्च (मंगलवार) को कार्यदिवस रहेगा।

## बार-बार समझाइश के बाद भी सफाईकर्मियों की हड़ताल जारी

### प्रेसवार्ता में कहा- 8 सूत्रीय मांगों पर हुआ अमल तो वहीं सफाईकर्मी बोले अभी तक नहीं हुई एक भी मांग पूरी

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** नगरपालिका के सफाईकर्मीयों द्वारा की जा रहीं हड़ताल लोगों की परेशानी का सबब बनी हुई है, तो वहीं नपा प्रशासन एवं सफाईकर्मियों में अपनी-अपनी बातों को लेकर रार देखने को मिल रहीं है। जब नपा द्वारा समझौते के तहत 8 सूत्रीय मांगो को अमल में लाये जाने की बात कहीं जा रहीं है। तो वहीं सफाईकर्मियो द्वारा उनकी मांगे अभी तक पूरी नहीं किये जाने की बात कही जा रहीं है। इसी को लेकर रविवार जहां नपा अध्यक्ष, सीएमओ और उपाध्यक्ष प्रेसवार्ता आयोजित की गई, तो वहीं सफाईकर्मियो द्वारा प्रेसनोट जारी कर अपनी बात रखी गई।

**समझौता के बाद भी की जा रहीं हड़ताल:**

रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान नपा अध्यक्ष दशरथ संतोष कोली, उपाध्यक्ष राजीव सिहारे और सीएमओ ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्त आयोजित कर बताया कि डाक बंगले में हुए समझौते का किसी भी शासन के नियमानुसार मांग का उल्लंघन नहीं किया गया है, बल्कि समझौते की अंतिम शर्त जिसमें कर्मचारियों की ओर से आश्वासन दिया गया था कि वेतन भुगतान को लेकर कभी भी हड़ताल नहीं करेंगे, उसका उल्लंघन सफाई कर्मचारियों के द्वारा किया गया है। जबकि नगरपालिका ने मानवीय दृष्टिकोण के आधार पर आवश्यकता न होने एवं शासन नियमों के विपरीत स्वीकृत पद 79 के विरूद्ध सभी 123 कर्मचारियों को कार्य पर लिया था। जबकि शासन नियमानुसार प्रत्येक 500 की जनसंख्या पर 1 सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की जाती है। वहीं जहां कटोत्रा किया जाना था, लेकिन



नगरपालिका के द्वारा नहीं किया गया है यदि किसी कर्मचारी ने बैंक से लोन लिया है या अनुपस्थित रहा है तो नियमानुसार बैंक या नगरपालिका के द्वारा कटोत्रा होता है। वहीं हड़ताल के पूर्व अधिकतर कर्मचारियों का पीएफ खाता नहीं था उनका खाता नगरपालिका के द्वारा खुलवाया गया है और उनके भविष्य की आवश्यकताओं के लिए ही पीएफ खाते में पैसे जमा किये जा रहे हैं, साथ ही 7 लाख का बीमा मुफ्त हुआ है। जहां तक वेतन भुगतान का प्रश्न है सभी लगभग 80 सफाई कर्मचारियों का माह फरवरी 2026 तक का वेतन भुगतान हो चुका है केवल स्थाई एवं विनियमित सफाई कर्मचारियों को माह जनवरी एवं फरवरी 2026 का वेतन भुगतान देय है।

प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि मेले की सफाई व्यवस्था का प्रश्न है, हमारे द्वारा व्यवस्था की गई थी किंतु 1 सफाई कर्मचारी ने मंच से दुकानदारों को धमकी दी कि यदि किसी व्यक्ति ने अपनी दुकान के सामने का कचरा डस्टबिन में डाला या सफाई की तो उसकी इज्जत खराब कर देंगे। नपा क्षेत्र में हर घर-घर कचरा एकत्रित करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था है उसके लिए हमें हड़ताल में बैठे कर्मचारियों की आवश्यकता नहीं, किंतु हमारी गाड़ियों को कर्मचारियों द्वारा निकलने नहीं दिया जा रहा है। नागरिकों के लिए हम तत्काल सफाई व्यवस्था करवाने को तैयार है किंतु सफाई कर्मचारी गाली-गलौच और मारपीट करने पर उतारू हो जाते है। पूर्व की हड़ताल में भी कर्मचारियों के द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष गाली-गलौच एवं मारने का प्रयास किया था, जिसका वीडियों भी मीडिया में प्रमाणित हुआ था। इसके बावजूद मानवीय दृष्टिकोण के आधार पर उनके विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई थी, किंतु बार-बार हड़ताल करके केवल दबाव बनाया जाता है। जबकि मैंने खुद निरीक्षण में पाया कि कर्मचारी केवल सुबह ही उपस्थित होते हैं, कई तो केवल 2 घंटे ही कार्य कर रहे हैं। उनको नोटिस भी जारी किया गया किंतु उसका जवाब प्रस्तुत देने की बजाय हड़ताल कर रहे हैं।

### सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष बोले सीएमओ कर रहे गलत बयानबाजीः

सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष रूपेश घावरी ने भी प्रेस नोट जारी कर कहां कि चन्दरी के जैन समाज के एक प्रतिनिधि मंडल सफाई व्यबस्था को लेकर नगरपालिका सीएमओ एवं अध्यक्ष से मुलाकात की थी। जिसमें सीएमओ ने हमलोगों के खिलाफ गलत वयान बाजी करके गुमराह करने का कार्य किया है, जबकि आज से तकरीबन 4 माह पूर्व की हडताल में हमारी मांगे मानकर एक सहमति पत्र बनाया था, जिस पत्र में सीएमओ, एसडीएम, तहसीलदार, सांसद प्रतिनिधि एवं चन्दरी नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे एवं सभी महानुभावों के उस समझोता पत्र पर हस्तक्षर है जिसमें बिंदू क्रमांक में 153 कर्मचारियों को वापस लिया जायगा । परन्तु इसमें इनके द्वारा सिर्फ सफाई कामगारों को कार्य पर लिया है बाकी सबकी सेवाए समाप्त हो गई। वहीं पिछली हडताल का वेतन प्रदान किया जायगा , जो कि आज दिनांक तक प्रदान नही किया गया, जो कर्मचारी नियम में आते है उन्हें नियम अनुसार क्रमोन्नति की जायगी, जिसकी आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई वहीं नियमित कर्मचारियों को नियमित किया जायगा, जिसकी आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई, जिन कर्मचारियो को कार्य करते 10 वर्ष हो गया उन्हें नियमित किया जायगा, लेकिन इसको लेकर भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। रूपेश घावरी को कार्य पर वापस लिया जाने की बात कहीं गई थी, जिसकी परिषद द्वारा अनुसंशा कि गई थी परन्तु यूनियन अध्यक्ष होने के कारण सीएमओ, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के द्वारा जानबूझ कर परेशान किया जा रहा है जिसके परिणाम स्वरूप रूपेश घावरी को आज दिनांक तक भी वहाल नहीं किया गया है। सफाई कर्मीयों को पहली प्राथमिकता पर वेतन दिया जायगा। जवकि अभी भी हमारा करीवन 2 से 3 माह का वेतन बकाया है इसलिए हम सभी सफाई कर्मी समस्त चंदेरी के समस्त नागरिको को बताना चाहते हैं कि इसमे हमारी कोई गलती नहीं है हम कल भी आप सब के साथ थे एवं आज भी आप सबके साथ कंधे से कंधा पिलाकर खड़े है परन्तु क्या करे इसके अलावा हमारे पास और कोई विकल्प नहीं है। आप सबसे हमारा विनम्र अनुरोध है कि आप सब भी हमारे हक अधिकार दिलाने में हमारा सहयोग करें समझौता पत्र इस पत्र के साथ संलग्न है।

**इनका कहना है।**

*लॉयन ऑर्डर की स्थिति निर्मित ना हो, इसलिए दो बार नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों की मीटिंग की जा चुकी है समझाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है यदि मानते हैं तो ठीक है, नहीं तो शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने की कार्रवाई की जाएगी। पूर्व में कुछ लोगों पर पर एफआईआर की कार्यवाही की जा चुकी है बिना शासन के सूचना दिए बगैर उनके द्वारा हड़ताल की गई है जो नियम विरुद्ध है।*

**दिलीप दरोगा,**
**तहसीलदार चंदेरी**

## बाइक राइडर ने किया ऐतिहासिक नगरी का दीदार

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** ऐतिहासिक, पर्यटन और खूबसूरत हेंडलूम साड़ियों के लिए प्रसिद्ध चंदेरी के भ्रमण के लिए अलग-अलग तरह के ग्रुप आते रहते हैं। इसी क्रम में शनिवार को हार्ले डेविडसन ग्रुप के राइडर्स भोपाल से चंदेरी घूमने के लिए पहुंचे। ग्रुप में शामिल चंदेरी के निवासी राइडर अमित जैन बड़घरिया ने सभी का चंदेरी में भव्य स्वागत किया। जिन मोटरसाइकिलों से राइडर चंदेरी पहुंचे वह 10 से 50 लाख रुपए तक कीमत की है। जिससे वह देश की सारी महत्वपूर्ण जगहों का




भ्रमण कर चुके है। अमित ने बताया की चंदेरी के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बाइकर्स चंदेरी पहुंचे। चंदेरी में बाइकर्स पर्यटन विभाग की किला कोठी होटल में रुके। उन्होंने कटी घाटी,कुश्क महल, कीर्ती दुर्ग, खंदार गिरी सहित बूढ़ी चंदेरी का भ्रमण किया और ऐतिहासिक विरासतों से रुबरु हुए।

## जैन मिलन सेंट्रल के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए अतुल जैन

**बगीचा मंदिर में आयोजित हुई निर्वाचन प्रक्रिया**

**नये अध्यक्ष को सभी सदस्यों ने दीं बधाइयां**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जैन मिलन सेंट्रल के सत्र 2026-27 के लिये अतुल जैन बंसल को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष सचिन बारी, मंत्री सचिन सर्राफ एवं कोषाध्यक्ष मनोज जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को बगीचा



मंदिर में आयोजित विशेष निर्वाचन सभा का प्रारम्भ महावीर प्रार्थना से हुआ। निर्वाचन अधिकारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची एवं संयुक्त मंत्री आनंद गांधी ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। निर्वाचन सहयोगी डॉ. पारस जैन के सहयोग से सम्पन्न हुआ। वहीं निर्वाचन प्रक्रिया में सत्र 2026-27 के लिए अतुल जैन बंसल को जैन मिलन सेंट्रल का अध्यक्ष घोषित किया गया । सभा में उपस्थित सदस्यों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुशल नेतृत्व में संस्था निरंतर उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर होने की बात कहीं। इस मौके पर महेंद्र कडेसरा, प्रमोद छाया, सन्तोष सिन्नी, मनोज जैन,वीरेंद्र जैन, मनीष जैन,राजेश जैन, रोहित जैन, सुनील जैन, रिंकेश कांसल विपिन बाँझल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### खासखेड़ा में फंदे पर झूली विवाहिता

**अशोकनगर।** नईसराय थाना अंतर्गत ग्राम खासखेड़ा में एक 30 वर्षीय विवाहिता ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लाली पत्नि सोनू कोरी ने अपने घर कपड़ा की रस्सी से गले में फंदा लगा लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के बाद परिजनों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पीएम के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां पीएम उपरांत शव परिजनों के सुपुर्द किया गया।

## धर्म-कर्म

### महावीर जयंती के अवसर पर आयोजित होगा कार्यक्रम

## नगर में आज सजेगा देश का सबसे बड़ा मंच,आध्यामिक शो होगा

नवभारत न्यूज

**मुंगावली। आज नगर में देश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा आध्यात्मिक शो बर्धमान से वर्तमान के वर्तमान की गाथा रत्नत्रय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा,**

यह आयोजन नगर में विराजमान मुनिश्री दुर्लभ सागर महाराज संसघ के परम सानिध्य में सम्पन्न होगा। जिसमें देश के कलाकारों द्वारा नाटक का मंचन किया जाएगा, जिसमें इंडिया गॉट टैलेंट के विनर भी शामिल होगे। साथ ही इसमें देश के जाने माने कथक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। वही जैन समाज के एक से बढ़कर एक गायक अपनी मधुर वाणी से इस शो में चार चांद लगाएंगे,यह



आयोजन नगर के पुरानी कृषि उपज मंडी में आयोजित किया जाएगा, यह पहला अवसर होगा जब नगर में इस तरह का कोई आयोजन इतने बड़े स्तर पर किया जा रहा है । जिसकी तैयारी दिगम्बर जैन पंचायत द्वारा की जा रही है, इस शो में देश के अलग-अलग कोने से 50 से भी ज्यादा कलाकार शामिल हो रहे है, वही मुनि संघ के सानिध्य में नगर में महावीर जयंती बड़े हु धूमधाम के साथ मनाई जाएंगी। जिसमें सुबह मुनि संघ के सानिध्य में प्रभात फेरी निकाली जाएगी जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी। जहां मुनि संघ के मुखारबिंद से श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा की क्रियाएं संपन्न होगी, साथ ही भगवान महावीर ओर आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की संगीतमय पूजन की जाएगी।

**दिगम्बर जैन महिला महा समिति को मिला आचार्य श्री की पूजन का लाभ:**

नगर में विराजमान मुनिश्री दुर्लभ सागर महाराज संसघ के सानिध्य में नगर में प्रतिदिन आचार्य श्री की अष्ट द्रव सजाकर पूजन करने का सौभाग्य मिल रहा है। वही रविवार को यह सौभाग्य नगर के दिगम्बर जैन महिला महा समिति की पूरी टीम को मिला। जिसमें समिति द्वारा भगवान महावीर के पांचों कल्याणक की झलकियां दिखाई दी और सभी अर्घ अलग अलग रूप में समर्पित किए गए। वही महिला समिति द्वारा दिव्य घोष की आकर्षक प्रस्तुति दी गई।

**मुनि संघ के सानिध्य में आयोजित होगा महा मस्तकाभिषेक:**

नगर के स्टेशन रोड स्थित श्री चंद्र प्रभु जिनालय पर मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज संसघ के परम सानिध्य में प्रथम बार महा मस्तकाभिषेक का आयोजन मंगलवार को किया जाएगा,जिसमें नगर के सभी जैन श्रद्धालु शामिल होगे इस आयोजन की तैयारी भी शुरू कर दी गई।

## भक्त की रक्षा करने भगवान लेते हैं अवतार

**कस्बे के झिरिया सरकार पर चल रहीं भागवत कथा**

**कथा व्यास ने सुनाया नरसिंह अवतार का वृतांत**

नवभारत न्यूज

**नईसराय। राधा माधव सेवा समिति के द्वारा झिरिया सरकार मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है। जिसके चतुर्थ दिवस कथा व्यास पंडित मनोज कृष्ण शास्त्री के द्वारा भक्त प्रहलाद की कथा श्रवण कराई गई।** जिसमें महाराज ने भक्त और भगवान के अनूठे रिश्ते को बड़े रोचक ढंग से सुनाते हुए बताया कि भगवान भक्त का मान एवं रक्षा के लिए नरसिंह रूप में प्रकट हुए और भक्त प्रहलाद की रक्षा की, गाजगृहा की कथा सुनाते हुए बताया की गजेंद्र अभिमानी था,



उसने जीवन भर अपने बल का अपने परिवार का भरोसा किया, लेकिन जब ग्रह ने सरोवर में उसका पैर पकड़ा तब उसका अभिमान चूर-चूर हो गया। अपने परिवार से सहायता मांगी, लेकिन किसी ने सहायता नहीं की। वहीं कथा सुनाते हुए महाराज श्री ने भक्तों को बताया इसी तरह हम सभी भी अपने बल का अपने परिवार का अपने धन का अभिमान करते हैं, लेकिन अंत समय में जब ना धन ना बल ना परिवार काम आता तब हमें परमात्मा की याद आती है इसी तरह गजेंद्र ने अंत समय भगवान को पुकारा, तो भगवान ने आकर गजेंद्र की रक्षा की। वहीं कथा में आगे राजा बलि की कथा श्रवण करते हुए बामन चरित्र का सुंदर निरूपण किया एवं रामचरित्र श्रवण करते हुए महाराज श्री ने भगवान कृष्ण के चरित्र का सुंदर-सुंदर वर्णन सुनते हुए भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।